Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 16-12-2005

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Need to provide financial assistance to Rajasthan for maintenance of dilapidated religious structures (mandirs) in the State.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : सभापति महोदय, इस विाय पर मैं अपने आपको प्रो. रासा सिंह रावत जी से सम्बद्ध करता हूं और उनका समर्थन करता हूं। मैं भी चाहता हूं कि ए.पी.डी.आर.पी. कार्यक्रम के अन्तर्गत 90 प्रतिशत धनराशि केन्द्र सरकार राजस्थान को अनुदान के रूप में उपलब्ध कराए और 10 प्रतिशत राशि राजस्थान सरकार दे।

महोदय, अब मैं अपने दूसरे विाय पर आता हूं जिसके लिए आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है। राजस्थान में कई प्रसिद्ध मंदिरों की दशा जीर्ण अवस्था में हो गई है और यदि यही स्थिति रही, तो इनका नामोनिशान भी मिट जाने की स्थिति आ जाएगी और आने-जाने का मार्ग भी उबड़-खाबड़ है और सड़कों पर भयंकर गड्ढे हैं और सड़क कम चौड़ी है जिस पर एक गाड़ी ही आ-जा सकती है। राज्य सरकार ने इसकी हालत को ठीक करने के लिए प्रयत्न शुरू कर दिए हैं, परन्तु धन के अभाव में इनको करना बड़ी भारी समस्या है। दो रोज पूर्व जयपुर बाईपास स्थित पहाड़ियों के मध्य स्थित खोले के श्री हनुमान जी मंदिर को भव्य व आकर्ाित बनाने के लिए 10 करोड़ रुपए व्यय करने की योजना का शुभारम्भ माननीय मुख्य मंत्री बहन, वसुन्धरा जी ने किया है। इसके साथ ही उदयपुर स्थित श्री नाथ जी के मंदिर पर भी भारी रकम व्यय की है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजस्थान के संपूर्ण धार्मिक स्थानों को ठीक करने और उनकी मरम्मत करने व आवागमन के लिए रास्तों को ठीक कराने हेतु धनराशि उ पलब्ध कराई जाए। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।